**इंदौर में आयकर छापे**

2368. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) जुलाई, 1985 में आयकर **विभाग** के कर्मचारियों ने इंदौर के कुल **कितने** व्यापारियों और उद्योगपतियों के परिसरों पर छापे मारे;

(ख) इन छापों में कुल कितने मूल्य का अवैध सामान बरामद हुआ;

(ग) क्या यह सच है कि एक व्यवसायी के परिसर से भारी मात्रा में रेजगारी भी बरामद की गई; यदि हां, तो यह कितनी राशि थी; और

(घ) उनके बैंक के लाकरों से कितने मूल्य की सम्पत्ति बरामद की गई;

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी)** : (क) और (ख) आयकर विभाग ने इंदौर के व्यापारियों और उद्योगपतियों के पांच मामलों में तलाशियां लीं, जिनमें कुल मिलाकर इक्कीस परिसर शामिल थे और इनमें प्रथमदृष्टया 20.87 लाख रुपये (लगभग) मूल्य की लेखाबाह्य परिसम्पत्तियां पकड़ी गईं । यह तलाशियां वर्ष 1985 में जून के अन्तिम सप्ताह में शुरू की गई और जुलाई 1985 में पूरी हुईं;

(ग) कोई रेजगारी बरामद नहीं हुई ।

(घ) छः बैंक लाकरों की तलाशियां ली गईं जिनसे 9.82 लाख रुपये लगभग मूल्य की परिसम्पत्तियां पकड़ी गईं ।

**आयकर, उत्पाद-शुल्क और सीमा शुल्क विभागों द्वारा अधिवक्ताओं की नियुक्ति**

2369. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** :
**श्री बो० सत्य नारायण रेड्डी** :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) वित्त मंत्रालय के आयकर, उत्पाद-शुल्क और सीमा शुल्क विभागों द्वारा जिला न्यायालयों, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में, राज्यवार कितने अधिवक्ता नियुक्त किये गये हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इन अधिवक्ताओं की फीस के भुगतान के रूप में, न्यायालय वार कितना खर्च हुआ ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी)** : (क) तथा (ख) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और वह यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ के साथ व्यापार**

2370. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की करेंगे कि :–

(क) सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ इस समय अलग अलग लगभग कितने-कितने मूल्य का व्यापार किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सच है कि सोवियत संघ के साथ सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर व्यापार बढ़ रहा है और अमेरिका के साथ घट रहा है, यदि हां, तो किन-किन क्षेत्रों में;

(ग) अन्य उन देशों के नाम क्या है जिनके साथ व्यापार बढ़ा है और इटली के साथ भारत के व्यापार की क्या स्थिति है ;

(घ) उन देशों के नाम क्या है, जिनके साथ हमारा व्यापार बढ़ा है और उनके साथ व्यापार की मदों का ब्यौरा क्या है ;

**वाणिज्य मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री पो० ए० संगमा)** : (क) तथा (ख) उपलब्ध अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की तत्संबंधी अवधि की तुलना में 1984–85 के पहले नौ महीनों के दौरान सोवियत संघ तथा सं० रा० अमरीका को भारत के निर्यातों तथा आयातों के मूल्य निम्नलिखित रूप में है :–